http://www.cgboardonline.com

कोड-03

अर्धवार्षिक परीक्षा 2018-19

कक्षा- नवमीं

विषय - सामाजिक विज्ञान

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 15 व 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 17 व 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न 1. (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) छ.ग. के ------------ दिशा में गुजरात है ।

(2) राजस्थान का थार मरुस्थल भारत का सबसे बड़ा ------------ उत्पादक क्षेत्र है ।

(3) जहां नदी का अंत होता है उसे ------------ कहते हैं ।

(4) एक वर्ष में किसी देश में उत्पादित कुल अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य के योग को ------------ कहा जाता है ।

(5) भारत में विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग ------------ प्रतिशत आबादी रहती है ।

(ब) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) सागर में मिलने से पूर्व नदी द्वारा निर्मित त्रिभुजाकार स्थलाकृति को कहते हैं।

(अ) डेल्टा (ब) खादर

(स) तराई (द) झील

(2) भारत में मानसून का आगमन किस माह में होता है ।

(अ) जनवरी (ब) जून

(स) अगस्त (द) दिसम्बर

(3) कौन सी नदी धुआंधार जलप्रपात बनाती है ।

(अ) कृष्णा नदी (ब) कोवरी नदी

(स) ताप्ती नदी (द) नर्मदा नदी

(4) भारत देश वर्तमान में रोजगार के लिए किस क्षेत्र सबसे अधिक निर्भर है ।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

(अ) कृषि क्षेत्र (ब) उद्योग क्षेत्र
(स) सेवा क्षेत्र (द) इन कोई नहीं

(5) वर्तमान भारत में व्यस्क मताधिकार की आयु निर्धारित है।
(अ) 16 वर्ष (ब) 18 वर्ष
(स) 21 वर्ष (द) 25 वर्ष

(स) उचित संबंध जोड़िए।

(1)	हिमक्षेत्र से खिसकते बर्फ को कहते हैं	-	मकराना
(2)	आंग सान सू की	-	लौह इस्पात उद्योग
(3)	ताजमहल के लिए संगमरमर		पशुपालन
(4)	मसाई ज्ञाति के लोगों का मुख्य व्यवसाय	-	म्यामांर
(5)	एक आधारभूत उद्योग	-	ग्लेशियर

प्रश्न 2. घाट का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 3. छ.ग. को धान का कटोरा क्यों कहते हैं ?

प्रश्न 4. शहरीकरण का लीबिया की जनता पर क्या क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न 5. कुटीर उद्योग बेरोजगारी दूर करने में किस प्रकार सहायक है ?

प्रश्न 6. अदृश्य या प्रच्छन्न बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 7. समोच्च रेखाओं की कोई तीन विशेषताएं बताइये।

प्रश्न 8. मौसम और जलवायु में अंतर बताइये। (कोई 3)

प्रश्न 9. मध्यवर्ती वस्तु को उदाहरण देते हुये समझाइये।

प्रश्न 10. हिमालय पर्वत के तीन महत्व बताइये।

प्रश्न 11. मुगलकालीन चित्रकला की क्या विशेषताएं हैं ?

अथवा

यूरोप के विज्ञान के विकास में चीन भारत और अरब के देशों का क्या योगदान था?

प्रश्न 12. कैथोलिग चर्च की किन बातों से प्रोटेस्टेन्ट असहमत थे ?

अथवा

कबीर जैसे विचारकों ने किस प्रकार धर्मो के घेरे से निकलकर ईश्वर भक्ति की बात की?

प्रश्न 13. इंग्लैंड की संसद ने ऐसे कौन से कदम उठाये जिससे निरंकुश वाद समाप्त किया जा सका ?

अथवा

गांधी जी के आने के बाद भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में गति आई। इसके मुख्य कारणों पर प्रकाश डालिये।

प्रश्न 14. बाल श्रमिकों से आम तौर पर कौन-कौन से कार्य कराये जाते हैं ?

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

अथवा

शराब के सेवन से मुनष्य को होने वाले नुकसानों का वर्णन कीजिये ।

प्रश्न 15. महिला आयोग, समस्या ग्रस्त महिलाओं की कैसे सहायता करता है?

अथवा

मिश्रित एवं बहुफसलीय कृषि, कृषकों के लिए किस प्रकार लाभदायक है, समझाइये।

प्रश्न 16. खुले द्वारा की नीति को समझाइये ।

अथवा

हिमालय में किन कारणों से भूस्खलन हो रहा है । स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 17. साक्षरता एवं जन संचार माध्यमों की लोकतंत्र के विषय में जागरुकता पैदा करने में क्या भूमिका हो सकती है ?

अथवा

लोकतंत्र के पक्ष और विपक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिए ।

प्रश्न 18. उद्योगों से पर्यावरण को कैसे हानि होती है । इसे समझाइये एवं इसके बचाव के उपाय बतलाइये ।

अथवा

बहुत सी सेवायें कृषि एवं विनिर्माण से जुड़ी है, उदाहरण देकर समझाइये ।

---00--

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
Paytm or Google Pay